**North-Ex Public School**
**(Senior Secondary, Affiliated to CBSE)**
**School block, Jain Nagar, Sector 38, Rohini, Delhi-81**
**Half Yearly Examination (2023 - 24)**
**Class X**
**Hindi**

**TIME: 3 hrs.** **MM: 80**

सामान्य निर्देश-

1. इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं - 'अ' और 'ब'।
2. खंड 'अ' में कुल 45 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। इनमें से केवल 40 प्रश्नों के उत्तर देने होंगे।
3. खंड 'ब' मे 8 वर्णनात्मक प्रश्न हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
4. यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।
5. दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

खंड - अ (वस्तुपरक प्रश्न)

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए- (1X5=5)

लोगों को यह कहते सुना जाता है कि एक और एक दो होते हैं, परंतु एक कहावत है 'एक और एक ग्यारह' । इस कथन का अभिप्राय है कि 'एकता में शक्ति' होती है। जब दो व्यक्ति एक साथ मिलकर प्रयास करते हैं, तो उनकी शक्ति कई गुना हो जाती है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। मनुष्य समाज से अलग होकर जीवित नहीं रह सकता। अगर किसी व्यक्ति को दो दिन के लिए अकेला किसी सुनसान जगह पर छोड़ दिया जाए और वहां रहने के लिए कहा जाए, तो वह वहां नहीं रह पाएगा। व्यक्ति का समाज के बिना कोई महत्व नहीं है। समाज अलग-अलग इकाइयों का समूहबद्ध रूप है, जिसमें हर इकाई समाज को शक्तिशाली बनाती है। बाढ़ से बचने के लिए जब एक अंधे और लंगड़े में सहयोग हुआ तो अंधे को लंगड़े की आंखें तथा लंगड़े को अंधे की टांगे मिल गई और दोनों बच गए अर्थात एकता में बड़ी शक्ति है। जो समाज एकता के सूत्र में बंधा नहीं रहता है, उसका पतन अवश्य होता है। भारत की परतंत्रता इसी फूट का परिणाम थी। अगर उस समय राजे-महाराजे एक दूसरे के साथ युद्ध नहीं करते रहते, तो हमारे देश को कभी अंग्रेजों का गुलाम नहीं होना पड़ता। जब अंग्रेजों को पता चला, तो उन्होंने राजाओं को ही मोहरा बनाकर देश के अधिकांश हिस्से पर धीरे-धीरे अपना अधिकार कर लिया। अंग्रेजों ने भारत में अपना अधिकार जमाने के लिए 'फूट डालो और शासन करो' की नीति अपनाई थी। जब भारत वासियों ने एक साथ मिलकर आजादी के लिए संघर्ष किया, तो अंग्रेजों को यहां से भागना पड़ा।

(1) एक और एक ग्यारह' से तात्पर्य है-
(A) संगठन में शक्ति होती है। (B) विघटन में शक्ति होती है।
(C) लोगों में शक्ति होती है। (D) जनसमूह में शक्ति होती है।

(2) मनुष्य जीवित नहीं रह सकता-
(A) समाज में रहकर (B) समाज से अलग होकर
(C) जंगल में रहकर (D) मंदिर से अलग होकर

(3) गद्यांश हमें प्रेरणा देता है-
(A) हमें एक-दूसरे से अलग रहने की (B) हमें एक-दूसरे से ईर्ष्या करने की
(C) हमें एक दूसरे से मिल-जुलकर साथ रहने की (D) हमें एक-दूसरे को दान देने की

(4) गद्यांश के आधार पर मनुष्य को प्राणी बताया गया है-
(A) धार्मिक (B) स्वार्थी
(C) सामाजिक (D) राजनीतिक

(5) निम्नलिखित कथन (A)तथा कारण (R)को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन (A) : अंग्रेजों ने भारत में राज्य करने के लिए फूट डालो और शासन करो की नीति अपनाई थी।
कारण (R) : अंग्रेज भारतीयों में फूट डालकर राज्य करते थे।

(A) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।
(B) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।
(C) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।
(D) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

प्रश्न 2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए- (1X5=5)

"मैं जिस भारतीय प्रजातंत्र की कल्पना करता हूं, उसका अध्यक्ष कोई किसान ही होगा"- गांधी जी की यह अभिलाषा देशरत्न राजेंद्र प्रसाद के स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति होने पर नि:संदेह ही फलवती सिद्ध हुई। राजेंद्र प्रसाद किसान तो नहीं थे, पर किसान के सच्चे प्रतिनिधि अवश्य थे। उनमें एक किसान की-सी सादगी, सरलता, निश्चलता और कर्मठता विद्यमान थी। उनमें किसान की तपस्या भी थी और वे स्वभाव और वेशभूषा से ठेठ किसान लगते थे। उन्होंने कभी स्वयं को भारत की ग्रामीण संस्कृति से अलग और विशिष्ट बनाने का प्रयत्न नहीं किया। उनके विचार, व्यवहार और वेशभूषा में भारतीयता की अमिट छाप थी।

'लोकतंत्र' लोगों के द्वारा निर्मित शासन व्यवस्था का नाम है। इसमें लोगों की इच्छा को सर्वोच्च माना जाता है। लोग जैसा समाज बनाना चाहते हैं, समाज में जिस प्रकार की कानून-व्यवस्था चाहते हैं वैसे ही नियम और कानून भी बनाए जाते हैं। लोकतंत्र को चलाने वाले नेता जनता द्वारा ही चुने जाते हैं। उनसे यही आशा की जाती है कि वे जनता की आवाज का सम्मान करेंगे।

ऐसे ही एक महान राष्ट्र नेता थे डॉ० राजेंद्र प्रसाद। वे भारत के प्रथम राष्ट्रपति चुने गए थे।

(1) लोकतंत्र से तात्पर्य है-
(A) राजा का शासन (B) धनिको का शासन
(C) संतों का शासन (D) लोगों का शासन

(2) राजेंद्र प्रसाद में किसान की-सी सादगी, सरलता, निश्चलता और कर्मठता थी। इस कथन के माध्यम से लेखक बच्चों में किसानों के प्रति---------- की भावना जागृत करना चाहते हैं।
(A) अपमान (B) सद्भाव
(C) सम्मान (D) दुर्व्यवहार

(3) गांधी जी ने भारतीय प्रजातंत्र के अध्यक्ष के लिए किसान की कल्पना की थी क्योंकि-
(A) भारत बहुत बड़ा हो जाएगा। (B) भारत बहुत तरक्की कर सकेगा।
(C) भारत के लोग अमीर हो जाएंगे। (D) भारत पिछड़ जाएगा।

(4) डॉ० राजेंद्र प्रसाद किसान के सच्चे प्रतिनिधि थे क्योंकि-
(A) वे एक किसान के बेटे थे।
(B) वे एक गांव में पैदा हुए थे।
(C) उनका व्यक्तित्व किसान जैसा, किसान की-सी सादगी और वेशभूषा थी।
(D) वे खेती करना जानते थे।

(5) निम्नलिखित में से किस कथन में इस गद्यांश के शिक्षा निहित है?
(A) लोकतंत्र में राजा की इच्छा को सर्वोच्च माना जाता है।
(B) लोकतंत्र में मंत्री की इच्छा को सर्वोच्च माना जाता है।
(C) लोकतंत्र में लोगों की इच्छा को सर्वोच्च माना जाता है।
(D) लोकतंत्र में सदन की इच्छा को सर्वोच्च माना जाता है।

(व्यावहारिक व्याकरण)

प्रश्न 3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पांच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1X4=4)

(1) नाव पानी में डूबती चली गई। रेखांकित पदबंध काभेद है-
(A) संज्ञा पदबंध (B) सर्वनाम पदबंध
(C) क्रिया पदबंध (D) क्रिया विशेषण पदबंध

(2) लाल टोपी वाला बालक तेज दौड़ रहा था। इस वाक्य में संज्ञा पदबंध है-
(A) दौड़ रहा था (B) लाल टोपी वाला बालक
(C) तेज दौड़ रहा था (D) इनमें से कोई नहीं

(3) बालक अपनी माता के साथ खेल रहा है। रेखांकित में पदबंध है-
(A) क्रिया विशेषण पदबंध (B) सर्वनाम पदबंध

(C) संज्ञा पदबंध (D) विशेषण पदबंध

(4) नीली कमीज वाला लड़का चला गया। रेखांकित पदबंध है-

(A) सर्वनाम पदबंध (B) क्रियापद पदबंध

(C) संज्ञा पदबंध (D) विशेषण पदबंध

(5) विदेश में रहने वाला वह बहुत लालची है। रेखांकित में सर्वनाम पदबंध है-

(A) विदेश में रहने (B) बहुत लालची है

(C) विदेश में रहने वाला वह (D) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पांच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1X4=4)

(1) अध्यापक के आते ही बच्चे शांत हो गए।

(A) संयुक्त वाक्य (B) मिश्र वाक्य

(C) सरल वाक्य (D) प्रश्नवाचक वाक्य

(2) सूरज निकलते ही चारों ओर प्रकाश छा गया। इसका संयुक्त वाक्य है-

(A) जैसे ही सूरज निकला वैसे ही चारों ओर प्रकाश छा गया।

(B) सूरज निकला और चारों ओर प्रकाश छा गया।

(C) सूरज निकलने पर चारों ओर प्रकाश छा गया।

(D) प्रकाश छाया और सूरज निकला।

(3) जिस लड़के ने सफेद कमीज पहनी है उसे बुलाओ।

(A) सरल वाक्य (B) मिश्र वाक्य

(C) संयुक्त वाक्य (D) इच्छावाचक वाक्य

(4) जैसे ही वे घर से बाहर निकले, वैसे ही जोर से धमाका हुआ।

(A) मिश्र वाक्य (B) संयुक्त वाक्य

(C) सरल वाक्य (D) इनमें से कोई नहीं

(5) सरल वाक्य का उदाहरण है-

(A) वर्षा होते ही पानी भर गया। (B) वर्षा हुई और चारो तरफ पानी भर गया।

(C) अध्यापक ने कहा कि कक्षा से बाहर चले जाओ।(D) तुम्हारा नाम क्या है?

प्रश्न 5. निर्देशानुसार समाज पर आधारित पांच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1X4=4)

(1) 'नीलांबर' शब्द में समास है-

(A) अव्ययीभाव समास (B) द्वंद समास

(C) कर्मधारय समास (D) बहुव्रीहि समास

(2) 'सत्याग्रह' समास का विग्रह है-

(A) सत्य के लिए आग्रह (B) सत्य और आग्रह

(C) सत्य का आग्रह (D) सत्य का ग्रह

(3) 'यथाशक्ति' में समास है-

(A) कर्मधारय समास (B) तत्पुरुष समास

(C) द्विगु समास (D) अव्ययीभाव समास

(4) बहुव्रीहि समास का उदाहरण है-

(A) माता-पिता (B) त्रिमूर्ति

(C) हाथोंहाथ (D) एकदंत

(5) द्विगु समास का उदाहरण है

(A) चौराहा (B) अमृतधारा

(C) कमलनयन (D) तुलसीकृत

प्रश्न 6. निर्देशानुसार मुहावरे पर आधारित छह बहूविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-(1X4=4)

(1) 'पापड़ बेलना' मुहावरे का सही अर्थ है-

(A) पापड़ बनाना (B) बेकार काम करना
(C) कष्ट भरा जीवन बिताना (D) सफलता प्राप्त करना

**(2)** 'सब कुछ नष्ट करना' के लिए उचित मुहावरा है-
(A) आवाज उठाना (B) एक-एक पल पहाड़ होना
(C) नामोनिशान मिटाना (D) एकटक निभाना

**(3)** मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए-
(A) जी ललचाना - मन खराब होना (B) धज्जियां उड़ाना - बुरी तरह हराना
(C) सुराग न मिलाना - पता लगना (D) आड़े हाथों लेना - नरमी से पेश आना

**(4)** बड़े भाई साहब का रौद्र रूप देखकर छोटे भाई के ------ जाते थे -
(A) चेहरा मुरझाना (B) प्राण सूखना
(C) खून जमना (D) काम तमाम करना

**(4)** 'मौत को गले लगाना' मुहावरे का सही अर्थ है-
(A) नष्ट हो जाना (B) वश में करना
(C) खुशी से जान देना (D) हार मान लेना

**(5)** 'पूरी लगन से कम करना' के लिए उपयुक्त मुहावरा है-
(A) अंधे के हाथ बटेर लगना (B) एक टांग पर खड़े होना
(C) स्वर्ग सिधारना (D) दांत खट्टे होना

**(6)** किसानों ने अपनी मांग पूरी करवाने के लिए दिल्ली की सीमाओं पर--------- लिया।
(A) अपनी खिचड़ी अलग पकाना (B) डेरा डालना
(C) आंखें फेर लेना (D) नौ दो ग्यारह होना

प्रश्न **7.** निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए-(**1**X5=5)

उसी उदार की कथा सरस्वती बखानती ,
उसी उदार से धरा कृतार्थ भाव मानती।
इस उदार की सदा सजीव कीर्ति गूंजती ,
तथा उसी उदार को समस्त सृष्टि पूजती।
अखंड आत्मभाव जो असीम विश्व में भरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

**(1)** 'उसी उदार की कथा सरस्वती बखानती' का अर्थ है-
(A) उदार व्यक्ति की प्रशंसा महालक्ष्मी करती हैं।
(B) उदार व्यक्ति सबका प्रिय होता है।
(C) उदार व्यक्ति समाज का कल्याण करता है।
(D) उदार व्यक्ति की कथा का बखान तो मां सरस्वती भी करती है।

**(2)** 'जो मनुष्य के लिए मरे' से कवि का आशय है-
(A) जो अपना जीवन समाप्त करे। (B) जो उपकार न करे।
(C) जो मानवता के लिए जीवन समर्पित करे। (D) जो कभी-कभी कल्याणकारी कार्य करे

**(3)** कवि के अनुसार समस्त सृष्टि पूजती है-
(A) देवी सरस्वती को (B) उदार व्यक्ति को
(C) स्वार्थी मनुष्य को (D) कृतार्थ भाव से पूर्ण धरा को

**(4)** कवि के अनुसार मनुष्य वही है जो -
(A) जो केवल अपने बारे में सोचता है। (B) जो परोपकार करता है।
(C) जो स्वार्थी है। (D) जो केवल अपनी प्रशंसा करता है।

**(5)** कवि का नाम है-
(A) मैथिलीशरण गुप्त (B) महादेवी वर्मा
(C) कबीर (D) प्रेमचंद

प्रश्न 8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए-   (1X2=2)

(1) उड़ा दिए थे मैंने, अच्छे-अच्छे सूरमाओं के धज्जे'का भाव है-

(A) तोप का प्रयोग का युद्धों में किया था।

(B) तोप ने बड़े-बड़े वीरों को मौत के घाट उतार दिया।

(C) तोप कंपनी बाग में रखी गई थी।

(D) बच्चे तोप के अंदर खेलते हैं।

(2) मीराबाई ने अपनी पीड़ा दूर करने के लिए श्रीकृष्ण को ही पुकारा क्योंकि-

(A) श्रीकृष्ण ने बचपन में खूब मक्खन खाया था।

(B) श्रीकृष्ण दूसरों को छलने में प्रवीण थे।

(C) मीराबाई श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त थीं।

(D) श्रीकृष्ण अपनी वंशी के जादू से सबको वश में कर लेते थे।

प्रश्न 9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए-  (1X5=5)

दोनों रोज इस जगह पहुंचते और मूर्तिवस एक-दूसरे को निर्निमेष ताकते रहते। बस भीतर समर्पण था जो अनवरत गहरा रहा था। लपाती के कुछ युवकों में इस मूक प्रेम को भांप लिया और खबर हवा की तरह बह उठी। वामीरो  लपाती गांव की थी और ततांरा पासा गांव का। दोनों का संबंध संभव न था। रीति के अनुसार दोनों को एक ही गांव का होना आवश्यक था। वामीरो और ततांरा को समझाने-बुझाने के कई प्रयास हुए किंतु दोनों अडिग रहे। वे नियमित लपाती के उसी समुद्री किनारे पर मिलते रहे। अफवाहें फैलती रहीं।

(1)लेखक ने 'मूर्तिवत' शब्द का प्रयोग किया है क्योंकि-

(A) ततांरा-वामीरो दोनों मूर्ति के समान थे।

(B) तातारा-वामीरो दोनों आपस में बात नहीं करते थे, केवल देखते रहते थे।

(C) ततांरा-वामीरो दोनों मूर्ति के जैसे लगता थे।

(D) दोनों मूर्ति थे।

(2) 'लपाती के कुछ युवकों ने इस मूक प्रेम को भांप लिया।' कथन के माध्यम से पता चलता है कि ततांरा -

(A) बेहद गंभीर, शांत और संवेदनशील युवक था।

(B) बेहद गंभीर, उग्र और अनुशासनहीन युवक था।

(C) क्रोधी और कायर युवक था।

(D) संतोषी, गंभीर और कमजोर था।

(3) ततांरा-वामीरो के बीच वैवाहिक संबंध संभव नहीं था क्योंकि-

(A) दोनों एक ही गांव के नहीं थे।     (B) दोनों बचपन से अलग-अलग रहते थे।

(C) दोनों आपस में विवाह करने के विरोधी थे।     (D) दोनों में वैचारिक असमानता थी।

(4) दोनों के भीतर कौन-सी भावना अनवरत गहरी होती जा रही थी?

(A) एक-दूसरे के प्रति समर्पण की     (B) एक-दूसरे के प्रति शिकायत की

(C) एक-दूसरे के प्रति नफरत की     (D) एक-दूसरे की चालाकी समझने की

(5) पाठ के लेखक का नाम है-

(A) प्रेमचंद     (B) काका कालेलकर

(C) यशपाल     (D) लीलाधर मंडलोई

प्रश्न 10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए-        (1X2=2)

(1) निम्नलिखित में से कौन-से वाक्य 'बड़े भाई साहब' कहानी से प्राप्त प्रेरणा को दर्शाते हैं-

(i) बड़े भाई साहब की सभी बातें लेखक को अच्छी लगती थीं।

(ii) अच्छे अंक लाने के लिए पढ़ना जरूरी नहीं है।

(iii) हमारी कथनी एवं करनी में एकरूपता होनी चाहिए।

(iv) विद्यार्थी को पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी खेलना चाहिए।

(A) केवल (i)

(B) (i) और (ii)

(C) (iii) और  (iv)
(D) केवल (ii)
(2) भारतीय इतिहास में 26 जनवरी अमर है क्योंकि-
(A) इस दिन भारत को स्वतंत्रता मिली थी।
(B) उसे दिन सारे हिंदुस्तान में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया था।
(C) इस दिन सारे भारत में क्रांति की लहर फैली थी।
(D) इस दिन गांधी जी को जेल भेजा गया था।

खंड ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

प्रश्न 11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए-   (3X2=6)
(1) पाठ 'अब कहां दूसरों के दुख से दुखी होने वाले' में बढ़ती जनसंख्या के दुष्परिणामों की चर्चा की गई है। क्या वास्तव में इसका प्रभाव पशु-पक्षियों और मनुष्यों के जीवन पर पड़ा है? स्पष्ट करते हुए समाधान भी बताइए।
(2) बड़े भाई साहब के अनुसार दुनिया की समझ अनुभव से आती है। अपने विचार व्यक्त कीजिए।
(3) कलकत्तावासियों के लिए 26 जनवरी 1931 का दिन क्यों महत्वपूर्ण था?
प्रश्न 12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए-  (3X2=6)
(1) पर्वत प्रदेश में पावस कविता में कवि ने तालाब की तुलना किसके साथ की है तथा क्यों?
(2) मीरा श्री कृष्ण की चाकरी क्यों करना चाहती हैं? उनका लक्ष्य सांसारिक सुखों की प्राप्ति क्यों नहीं है?
(3) कबीर ने निंदक को अपने पास रखने की सलाह दी है। आपके अनुसार क्या यह उचित है?
प्रश्न 13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए-        (3X2=6)
(1) हरिहर काका गूंगेपन का शिकार हो गए हैं। कोई बात कहो-कुछ पूछो कोई जवाब नहीं। खुली आंखों से बराबर आकाश को निहारा करते हैं। सारे गांव के लोग उनके बारे में बहुत कुछ कहते-सुनते हैं, लेकिन उनके पास अब कहने के लिए कोई बात नहीं। हरिहर काका की स्थिति का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।
(2) ठाकुरबारी के प्रति गांव वालों की अपार श्रद्धा का क्या  था?
(3) हरिहर काका से जमीन लिखवाने के लिए महंत ने उनका अपहरण करवाया। महंत द्वारा हरिहर काका का अपहरण महंत के चरित्र की किस सच्चाई को सामने लाता है?
प्रश्न 14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए-  (5X1=5)
(1) जी 20 और भारत
    जी 20 क्या है, गठन का कारण, महत्व और भारत की भूमिका
(2) बढ़ती महंगाई
    महंगाई बढ़ने के कारण, जनता पर प्रभाव, रोकने के उपाय
(3) मेट्रो रेल
    मेट्रो की लोकप्रिय, परिवहन का सफल साधन, इसके लाभ
प्रश्न 15. बिजली के खराब मीटर की शिकायत करते हुए बिजली विभाग के अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में शिकायती पत्र लिखिए।   (5X1=5)

अथवा

अपने सहपाठी के साथ किए जाने वाले दुर्व्यवहार के लिए क्षमा मांगते हुए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।
प्रश्न 16. नाटक प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विद्यालय के सभी छात्रों को आमंत्रित करते हुए छात्र सचिव की ओर से लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए।   (4X1=4)

अथवा

आप अंबिका सोसायटी के अध्यक्ष हैं। सोसायटी को स्वच्छ रखने के लिए सूचना लिखिए।
प्रश्न 17. वाशिंग पाउडर के लिए लगभग 40 शब्दों में आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। (3X1=3)

अथवा

जल का दुरुपयोग रोकने का आग्रह करते हुए दिल्ली सरकार की ओर से एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।
प्रश्न 18. 'जैसा संग, वैसा रंग' विषय पर लगभग 100 शब्दों में लघु कथा लिखिए।       (5X1=5)

अथवा

आप कविता शर्मा/ अमित वर्मा हैं। आप हिंदी विषय के महत्व को जानती/जानते हैं। ग्यारहवीं कक्षा में आप गणित के साथ हिंदी विषय को भी अतिरिक्त विषय के रूप में पढ़ने की/के इच्छुक हैं। अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को लगभग 100 शब्दों में ईमेल लिखकर अनुमति प्राप्त कीजिए।